महाकुंभ में देश के कोने-कोने से करोड़ों श्रद्धालु पहुंचे | पर्यटन | धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार का सिलसिला जारी

# आस्था गलियारों ने 2025 में बदला यूपी का पर्यटन परिदृश्य

लखनऊ, 1 जनवरी (भाषा)।

महाकुंभ 2025 में प्रयागराज धार्मिक-आध्यात्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा, जहां देश के कोने-कोने से करोड़ों श्रद्धालु पहुंचे। प्रयागराज पहुंचे श्रद्धालुओं में से बड़ी संख्या में लोगों ने काशी (वाराणसी), अयोध्या, मथुरा समेत राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों की भी यात्रा की। भव्य आयोजन से पहले ही प्रयागराज धार्मिक पर्यटन का अहम केंद्र बन चुका था, और उसके बाद से यहां श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बनी हुई है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ के दौरान हुई भगदड़ से श्रद्धालुओं की आवाजाही कुछ समय के लिए प्रभावित हुई थी, हालांकि यह असर केवल कुछ दिनों तक ही रहा। सरकार ने भगदड़ में 30 लोगों की मौत की घोषणा की थी, जो बाद में बढ़कर 37 हो गई। हालांकि, दहशत पर आस्था भारी पड़ी और इसके बाद राज्य में धार्मिक पर्यटन के सबसे तीव्र दौर की शुरुआत हो गई। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद जब गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, तभी से हिंदुत्व के एजेंडे पर सरकार का झुकाव और धर्म स्थलों के उन्नयन की दिशा में तेजी दिखी। प्रदेश में मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार का सिलसिला शुरू हुआ और श्रद्धालुओं की आमद भी बढ़ी। वर्ष 2019 में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुए प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से इसकी लोकप्रियता और बढ़ गई।

25 नवंबर को प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की मौजूदगी में राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज फहराया। वर्ष 2017 से अयोध्या का एक और प्रमुख आकर्षण वार्षिक दीपोत्सव रहा है।

**प्रयागराज** पहुंचे श्रद्धालुओं में से बड़ी संख्या में लोगों ने काशी (वाराणसी), अयोध्या, मथुरा समेत राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों की भी यात्रा की। भव्य आयोजन से पहले ही प्रयागराज धार्मिक पर्यटन का अहम केंद्र बन चुका था, और उसके बाद से यहां श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बनी हुई है।

